देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 18.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार, नवाचार, डिजिटल लर्निंग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध।
- देहरादून के सेलाकुई औद्योगिक क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च; सेलाकुई और सिडकुल क्षेत्रों में धारा 163 लागू।
- केंद्र सरकार ने कहा –सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता बढ़ी है।
- और..देहरादून में डेंगू और जल जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर प्रशासन अलर्ट, जिलाधिकारी सविन बंसल ने अस्पतालों में जांच, इलाज और फॉगिंग व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए।

सम्मान समारोह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार, नवाचार, डिजिटल लर्निंग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति में शिक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

उन्होंने ये बात मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रतिभाग करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्र किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं तथा देश और प्रदेश का भविष्य उनकी प्रतिभा, मेहनत और संकल्प पर निर्भर करता है।

श्री धामी ने इस वर्ष उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विशेष रूप से बेटियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

<u>फ्लैग मार्च/शांति व्यवस्था अपील</u>

देहरादून के सेलाकुई औद्योगिक क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। यह कार्रवाई श्रमिकों के धरना–प्रदर्शन के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पथराव कर माहौल बिगाड़ने के प्रयास के बाद की गई।

प्रशासन ने सेलाकुई और सिडकुल औद्योगिक क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता, धारा 163 लागू की है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को लागू प्रतिबंधों की जानकारी देते हुए शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

पुलिस ने चेतावनी दी है कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आदेश के तहत सेलाकुई और सिडकुल क्षेत्र में हथियार, लाठी–डंडा और अन्य घातक वस्तुएं लेकर चलने, सार्वजनिक सभा, जुलूस, नारेबाजी और बिना अनुमति प्रदर्शन करने पर रोक लगाई गई है। पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर भी प्रतिबंध रहेगा।

प्रशासन ने लोगों, श्रमिक संगठनों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

<u>शिलान्यास</u>

उधमसिंह नगर ज़िले में सितारगंज के शक्तिफार्म को सिडकुल क्षेत्र से जोड़ने के लिए सिसौना नदी पर लगभग 11 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 150 मीटर स्पान सीसी पुल का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुल बनने से करीब 50 हजार लोगों को लाभ मिलेगा और सिडकुल सितारगंज तथा विकासखंड कार्यालय सिसौना तक पहुंचने की दूरी लगभग 9 किलोमीटर कम हो जाएगी।

श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि शक्तिफार्म में डेयरी प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जा रही है, जबकि प्रह्लाद पलसिया में लगभग 54 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे एक्वा पार्क का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किच्छा में एम्स के सैटेलाइट सेंटर, पंतनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, विभिन्न बाईपास, बस अड्डों और खेल सुविधाओं से जुड़े कई विकास कार्य भी प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

फेक न्यूज

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया में चल रही उस पोस्ट को खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया है कि भारत के पास केवल दो दिन का तेल भंडारण बचा है। पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की फैक्ट चौक यूनिट ने कहा है कि यह दावा फर्जी है।

यूनिट ने कहा है कि भारत के पास 60 दिन का कच्चे तेल का भंडारण मौजूद है। इसके अलावा तेल शोधन कारखानों के पास भी भंडारण है। पीआईबी नागरिकों को नहीं घबराने की सलाह दी है और कहा है कि ईंधन और गैस की उपलब्धता के बारे में सरकारी अधिकारियों द्वारा सत्यापित सूचनाओं पर ही भरोसा किया जाना चाहिए।

सीबीएसई

केंद्र सरकार ने कहा है कि सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता बढ़ी है। 12वीं के परिणामों पर नई दिल्ली में स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने मार्किंग और उत्तीर्णता प्रतिशत में मामूली गिरावट पर चिंता जताई है।

सचिव ने बताया कि सीबीएसई ने इस वर्ष ऐसी प्रणाली लागू की है जिससे मूल्यांकन में अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। सचिव ने कहा कि सीबीएसई ने पुनर्मूल्यांकन शुल्क कम कर दिया है।

सतर्कता

राजधानी देहरादून में डेंगू और जल जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने अधिकारियों की बैठक लेकर अस्पतालों में डेंगू जांच, इलाज, दवाइयों, ब्लड बैंक और पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम चौबीस घंटे सक्रिय रहे और डेंगू का कोई मामला सामने आने पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

ज़िलाधिकारी ने नगर निगम और नगर निकायों को शहर के सभी छोटे—बड़े नालों और ड्रेनेज की सफाई तेज करने के निर्देश दिए। डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में वॉलिंटियर्स और रैपिड रिस्पांस टीम तैनात करने, नियमित फॉगिंग और लार्वा नष्ट करने के लिए रासायनिक छिड़काव कराने को कहा गया है। जलभराव मिलने पर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और चालान के निर्देश भी दिए गए हैं।

बैठक में स्कूलों में डेंगू जागरूकता अभियान चलाने और बच्चों के लिए फुल बाजू की ड्रेस अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। वहीं आशा कार्यकत्रियों को घर—घर जाकर सर्वे के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष अब तक जिले में डेंगू के पांच मामले सामने आए हैं, जिनमें तीन मामले बाहरी राज्यों से संबंधित हैं।

जागरूकता कार्यक्रम

सेना भर्ती कार्यालय, लैंसडाउन द्वारा हरिद्वार में एनसीसी कैडेट्स के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 31 यूके बटालियन के कैडेट्स को भारतीय सेना में भर्ती प्रक्रिया, आवश्यक योग्यताओं और चयन से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कैडेट्स को लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता और अन्य चयन प्रक्रियाओं की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया। साथ ही युवाओं को देशभक्ति, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और निःस्वार्थ सेवा जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान कैडेट्स ने भर्ती प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में भर्ती और पात्रता संबंधी जानकारी वाली पुस्तिकाएं भी वितरित की गईं।

## बिजली रिकॉर्ड

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि देश ने एक दिन में रिकॉर्ड 256. 4 गीगावॉट बिजली की मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया है। एक निजी समाचार पत्र से बातचीत में श्री जोशी ने बताया कि कुल बिजली मांग का करीब 33ः हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से पूरा किया गया।

उन्होंने कहा कि भारत का बिजली ढांचा अब पहले से ज्यादा मजबूत, भरोसेमंद और भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार हो गया है।

## गिरफ्तार

हरिद्वार जिले में बम विस्फोट की धमकी देने वाले आरोपी को कोतवाली नगर पुलिस ने रोडीबेलवाला क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने डायल 112 पर कॉल कर आगामी चार दिनों के भीतर जिले में बम विस्फोट करने की धमकी दी थी। आरोपी ने फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए देश और राज्य के उच्च पदाधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं थीं।

कोतवाल कुंदन सिंह राणा के अनुसार कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम ने तकनीकी जांच और मोबाइल ट्रेसिंग के जरिए आरोपी की पहचान कर ली है।

## खेल

राजधानी देहरादून में 42वां उत्तराखंड गोल्ड कप टूर्नामेंट आगामी 22 मई से 7 जून तक खेला जाएगा। प्रतियोगिता में देशभर की टीमों के साथ–साथ नेपाल की टीम भी भाग ले रही है। इसके लिए 16 टीमें चार ग्रुपों में मैच खेलेंगी।

देवभूमि गोल्ड कप क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पीसी वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि विजेता टीम को 10 लाख रुपये नकद पुरस्कार के साथ गोल्ड कप ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि उप विजेता टीम को 7 लाख रुपये और ट्रॉफी मिलेगी। इसके अलावा हर मैच का मैन ऑफ द मैच 5,000 रुपये और पूरे टूर्नामेंट का 'मैन ऑफ द सीरीज' एक लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। खिलाड़ियों को विभिन्न व्यक्तिगत पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जाएगा। क्वार्टर फाइनल से नॉकआउट फॉर्मेट रहेगा। ज्यादातर मैच डे–नाइट

खेले जाएंगे। दो मैच 'अल्फा क्रिकेट स्टेडियम, गणेशपुर' में खेले जाएंगे। शेष मैच 'महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज' और 'राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम' में होंगे।